# प्रश्नकोश

**1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की थी–**

(a) ए.ओ. ह्यूम ने (b) महात्मा गांधी ने

(c) सच्चिदानंद सिन्हा ने (d) इनमें से कोई नहीं

**44th B.P.S.C. (Pre) 2000**

**उत्तर–(a)**

एलन ऑक्टेवियन ह्यूम (ए.ओ. ह्यूम ) भारतीय सिविल सेवा के सेवानिवृत्त ब्रिटिश अधिकारी थे। ये शिमला में बस गए थे। 1884 ई. में इन्होंने भारतीय राष्ट्रीय संघ (Indian National Union) की स्थापना की, जो कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अग्रदूत था। कलकत्ता, बंबई तथा मद्रास का दौरा करने के उपरांत इन्होंने यह घोषणा की कि दिसंबर, 1885 ई. में भारतीय राष्ट्रीय संघ का एक सम्मेलन पुणे में आयोजित किया जाएगा, जिसमें तीनों महाप्रांतों के सभी भागों के शिक्षित प्रतिनिधि शामिल होंगे। लेकिन पुणे में हैजा फैल जाने के कारण सम्मेलन का स्थल बदलकर तेजपाल संस्कृत विद्यालय, बंबई कर दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय संघ का पहला अधिवेशन 28-30 दिसंबर, 1885 को हुआ, इसी सम्मेलन में दादाभाई नौरोजी के सुझाव पर इस संगठन का नाम बदलकर 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' कर दिया गया।

**2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक थे एक–**

(a) असैनिक सेवक (b) विज्ञानी

(c) सामाजिक कार्यकर्ता (d) मिलिट्री कमांडर

**43rd B.P.S.C. (Pre) 1999**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक कौन थे?**

(a) विलियम एडम (b) ए.ओ. ह्यूम

(c) रासबिहारी बोस (d) मोतीलाल नेहरू



Scanned with OKEN Scanner

(c) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65th B.P.S.C. (Pre) 2019**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई?**

(a) वर्ष 1885 में (b) वर्ष 1886 में
(c) वर्ष 1887 में (d) वर्ष 1888 में

**Uttarakhand P.C.S. (Mains) 2006**
**43rd B.P.S.C. (Pre) 1999**
**U.P.P.C.S. (Mains) 2010**
**Jharkhand P.C.S (Pre) 2003**

**उत्तर—(a)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 ई. में ए.ओ. ह्यूम द्वारा की गई थी, जो एक अवकाश प्राप्त अंग्रेज अधिकारी थे। इसका पहला अधिवेशन 28-30 दिसंबर, 1885 को बंबई स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें कुल 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अधिवेशन की अध्यक्षता व्योमेश चंद्र बनर्जी (डब्ल्यू.सी. बनर्जी) ने की थी तथा इसके प्रथम महासचिव स्वयं ए.ओ. ह्यूम थे।

**5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन में कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया?**

(a) 52 (b) 62
(c) 72 (d) 82

**53rd to 55th B.P.S.C. (Pre) 2011**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**6. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहां हुआ था?**

(a) कलकत्ता (b) लाहौर
(c) मुंबई (d) पुणे

**42nd B.P.S.C. (Pre) 1997**
**Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Mains) 2007**
**I.A.S. (Pre) 2008**
**U.P.P.C.S. (Mains) 2007**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष कौन थे?**

(a) ए.ओ. ह्यूम (b) डब्ल्यू.सी. बनर्जी
(c) दादाभाई नौरोजी (d) इनमें से कोई नहीं

**M.P. P.C.S (Pre) 1994**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. इनमें से किसने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता की थी?**

(a) ए.ओ. ह्यूम (b) दादाभाई नौरोजी
(c) एस.एन. बनर्जी (d) डब्ल्यू. सी. बनर्जी

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**9. 1885 में इंडियन नेशनल कांग्रेस का अध्यक्ष था—**

(a) जॉर्ज यूले (b) दादाभाई नौरोजी
(c) डब्ल्यू. सी. बनर्जी (d) डब्ल्यू. वेडरबर्न

**U.P. P.C.S. (Mains) 2004**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष थे—**

(a) दादाभाई नौरोजी (b) सुरेंद्रनाथ बनर्जी
(c) व्योमेश चंद्र बनर्जी (d) ए.ओ. ह्यूम

**U.P. P.C.S. (Pre) 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**11. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अध्यक्ष था?**

(a) ए.ओ.ह्यूम (b) एस.एन. बनर्जी
(c) डब्ल्यू.सी. बनर्जी (d) दादाभाई नौरोजी

**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. 1885 ई. में डब्ल्यू.सी. बनर्जी द्वारा इंगित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निम्न उद्देश्यों में से कौन-सा नहीं था?**

(a) देश के हितों की रक्षा करने वाले भारतीयों के बीच संपर्क और मित्रता बढ़ाना

(b) देशवासियों के बीच जाति, संप्रदाय तथा प्रांतीय पक्षपातों की भावना को दूर करके उनमें राष्ट्रीय एकता की भावना को विकसित करना

(c) शिक्षित वर्ग की पूर्ण सम्मति से महत्वपूर्ण और आवश्यक सामाजिक विषयों पर विचार प्रकट करना



Scanned with OKEN Scanner

(d) यह निर्धारित करना कि आगामी वर्षों में भारतीय लोकहित के लिए किस दिशा में और किस आधार पर कार्य करें

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C. (Pre) (Re-Exam) 2020**

**उत्तर–(c)**

1885 ई. में व्योमेश चंद्र बनर्जी द्वारा इंगित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन में निम्नलिखित उद्देश्य बताए गए थे-

(1) देश के हितों की रक्षा करने वाले भारतीयों के बीच संपर्क और मित्रता बढ़ाना;

(2) देशवासियों के बीच जाति, संप्रदाय तथा प्रांतीय पक्षपातों की भावना को दूर करके उनमें राष्ट्रीय एकता की भावना को विकसित करना;

(3) भारत के सभी वर्गों एवं समुदायों को एकत्रित करके उनमें एक राष्ट्र की भावना उत्पन्न करना;

(4) जनता की मांगों का सूत्रीकरण और उसका प्रस्तुतीकरण करना; ज्ञातव्य है कि सामाजिक मुद्दों को प्रारंभ में कांग्रेस के मंच से नहीं उठाए जाने का प्रावधान या व्यवस्था थी।

**13. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1885 में महासचिव कौन था?**

(a) ए.ओ ह्यूम (b) दादाभाई नौरोजी
(c) डब्ल्यू.सी बनर्जी (d) फिरोजशाह मेहता

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl) (Pre) 2010**

**उत्तर–(a)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1885 ई. में महासचिव (सचिव) ए.ओ ह्यूम थे। इन्होंने ही कांग्रेस का गठन किया। डब्ल्यू.सी. बनर्जी 1885 ई. में कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन के अध्यक्ष थे।

**14. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के समय भारत का वायसराय कौन था?**

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड लिटन
(c) लॉर्ड कैनिंग (d) लॉर्ड डफरिन

**U.P.P.C.S (Mains) 2011**
**U.P. P.C.S. (Mains) 2006**
**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(d)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना (1885) के समय भारत का वायसराय लॉर्ड डफरिन (कार्यकाल 1884-1888 ई.) था। उसने कांग्रेस का यह कहकर मजाक उड़ाया था कि यह 'सूक्ष्मदर्शी अल्पसंख्यकों की संस्था' है। ध्यातव्य है कि लॉर्ड डफरिन के कार्यकाल में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना को एक महत्वपूर्ण घटना माना जाता है।

**15. निम्न गवर्नर जनरलों में से किसने कांग्रेस को 'अत्यधिक अल्पसंख्यक' लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाली कहकर उपहास किया था?**

(a) लॉर्ड डफरिन (b) लॉर्ड कर्जन
(c) लॉर्ड मिंटो (d) लॉर्ड लैंसडान

**U.P.P.C.S. (Pre) 2018**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**16. 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के समय गवर्नर जनरल कौन था?**

(a) लॉर्ड लिनलिथगो (b) लॉर्ड वेलेजली
(c) लॉर्ड डफरिन (d) लॉर्ड सैलिसबरी

**U.P. P.C.S. (Mains) 2017**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**17. लॉर्ड डफरिन के वायसराय काल की एक महत्वपूर्ण घटना थी-**

(a) रामकृष्ण मिशन की स्थापना
(b) ढाका में मुस्लिम लीग की स्थापना
(c) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना
(d) प्रथम जनगणना की शुरुआत

**M.P. P.C.S. (Pre) 2017**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. किसने कांग्रेस को सूक्ष्मदर्शीय अल्पसंख्यक जनता का प्रतिनिधि बताते हुए उसका मज़ाक उड़ाया था?**

(a) लॉर्ड रिपन ने (b) लॉर्ड डफरिन ने
(c) लॉर्ड कर्जन ने (d) लॉर्ड वेलेजली ने

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना अधिवेशन में उपस्थित नहीं था?**

(a) दादाभाई नौरोजी
(b) जी.सुब्रमण्यम अय्यर
(c) जस्टिस रानाडे
(d) सुरेंद्रनाथ बनर्जी

**U.P P.C.S (Pre) 1997**

**उत्तर–(d)**



Scanned with OKEN Scanner

1876 ई. में बंगाल के युवा राष्ट्रवादियों ने सुरेंद्रनाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस के नेतृत्व में इंडियन एसोसिएशन का गठन किया। दिसंबर, 1883 में इंडियन एसोसिएशन ने 'अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन' (इंडियन नेशनल कॉन्फ्रेंस) का आयोजन किया। दूसरा सम्मेलन दिसंबर, 1885 में कलकत्ता में हुआ जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्रनाथ बनर्जी ने की। यही कारण था कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन से जुड़े सुरेंद्रनाथ बनर्जी 1885 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना सत्र में शामिल नहीं हुए थे।

**20. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की?**

(a) गणेश आगरकर (b) सुरेंद्रनाथ बनर्जी

(c) दादाभाई नौरोजी (d) फिरोजशाह मेहता

**45th B.P.S.C. (Pre) 2001**

**उत्तर–(c)**

कांग्रेस का दूसरा अधिवेशन 1886 ई. में कलकत्ता में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की।

**21. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वितीय सम्मेलन में कितने मुस्लिम प्रतिनिधियों ने भाग लिया था?**

(a) 2 (b) 33

(c) 30 (d) 41

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C. (Pre) (Re-Exam) 2020**

**उत्तर–(b)**

कांग्रेस का द्वितीय सम्मेलन 27-30 दिसंबर, 1886 को दादाभाई नौरोजी की अध्यक्षता में कलकत्ता में संपन्न हुआ था। कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन में कुल 436 पंजीकृत प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। कांग्रेस के प्रथम सम्मेलन में जहां मुस्लिम प्रतिनिधियों की संख्या 2 थी, वहीं दूसरे सम्मेलन में 33, तीसरे सम्मेलन (1887 ई.) में 81 तथा चौथे सम्मेलन (1888 ई.) में 221 पहुंच गई थी।

**22. कांग्रेस के लिए समर्थन प्राप्त करने के लिए 1889 ई. में एक समिति स्थापित की गई। निम्न में से उस समिति का सभापति था–**

(a) सर डब्ल्यू. वेडरबर्न (b) वि. डिग्बी

(c) दादाभाई नौरोजी (d) डब्ल्यू.सी. बनर्जी

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 1996**

**उत्तर–(a)**

कांग्रेस के लिए समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से जुलाई, 1889 ई. में लंदन में सर डब्ल्यू. वेडरबर्न की अध्यक्षता में 'ब्रिटिश कमेटी ऑफ इंडिया' की स्थापना की गई। यह 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' की एक समिति थी। इस समिति ने भारतीय मामलों से अंग्रेजों को अवगत कराने के उद्देश्य से 'इंडिया' नामक साप्ताहिक-पत्र निकाला।

**23. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सर्वप्रथम मुस्लिम अध्यक्ष थे–**

(a) अबुल कलाम आजाद (b) रफी अहमद किदवई

(c) एम.ए. अंसारी (d) बदरुद्दीन तैयबजी

**U.P P.C.S (Pre) 1995**

**U.P P.C.S (Pre) 2005**

**Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Pre) 2007**

**उत्तर–(d)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सर्वप्रथम मुस्लिम अध्यक्ष होने का गौरव बदरुद्दीन तैयबजी को है, ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 27-30 दिसंबर, 1887 को मद्रास में संपन्न हुए तीसरे अधिवेशन के अध्यक्ष पद के लिए चुने गए।

**24. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला मुस्लिम अध्यक्ष कौन था?**

(a) अबुल कलाम आजाद (b) शौकत अली

(c) मोहम्मद अली जिन्ना (d) बदरुद्दीन तैयबजी

**U.P. Lower Sub. (Spl.) (Pre) 2004**

**U.P. P.C.S. (Mains) 2003**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**25. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वितीय मुस्लिम अध्यक्ष कौन थे?**

(a) अबुल कलाम आजाद (b) जाकिर हुसैन

(c) रहीमतुल्ला मोहम्मद सयानी (d) बदरुद्दीन तैयबजी

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C. (Pre) (Re-Exam) 2020**

**उत्तर–(c)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वितीय मुस्लिम अध्यक्ष रहीमतुल्ला मोहम्मद सयानी थे। ध्यातव्य है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 12वां अधिवेशन 28 से 31 दिसंबर, 1896 तक कलकत्ता में रहीमतुल्ला सयानी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ था।

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष सरोजिनी नायडू थीं।**

**2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैयबजी थे।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**I.A.S. (Pre) 2015**

**उत्तर–(b)**



Scanned with OKEN Scanner

वर्ष 1917 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष एनी बेसेंट थीं, जबकि वर्ष 1925 में कानपुर में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 40वें वार्षिक अधिवेशन में सरोजिनी नायडू कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष बनीं। अतः कथन 1 असत्य है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सर्वप्रथम मुस्लिम अध्यक्ष होने का गौरव बदरुद्दीन तैयबजी को है, ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 27-30 दिसंबर, 1887 को मद्रास में संपन्न हुए तीसरे अधिवेशन के अध्यक्ष पद के लिए चुने गए। अतः कथन 2 सत्य है।

**27. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम निर्वाचित यूरोपीय अध्यक्ष था–**

(a) ए.ओ. ह्यूम (b) जॉर्ज यूले

(c) अल्फ्रेड वेब (d) एनी बेसेंट

**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2013**

**उत्तर–(b)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम निर्वाचित यूरोपीय अध्यक्ष जॉर्ज यूले था। इसने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के चतुर्थ अधिवेशन (1888 ई.) की अध्यक्षता की थी।

**28. निम्नलिखित में से कौन एक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से कभी संबद्ध नहीं रहे?**

(a) फिरोजशाह मेहता (b) हकीम अजमल खान

(c) खान अब्दुल गफ्फार खान (d) सर सैयद अहमद

**Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Pre) 2003**

**उत्तर–(d)**

सर सैयद अहमद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से कभी संबद्ध नहीं रहे। 1857 के विद्रोह के समय वह कंपनी की न्यायिक सेवा में थे। वह कंपनी के प्रति पूर्णतः राजभक्त रहे। डब्ल्यू. डब्ल्यू. हंटर ने अपनी पुस्तक 'इंडियन मुसलमान' में सरकार को यह सलाह दी थी कि वह मुसलमानों से समझौता कर उन्हें कुछ रियायतें देकर अपनी ओर मिलाए। इसी सुझाव पर कार्य करते हुए ब्रिटिश सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विरुद्ध सर सैयद अहमद को तैयार किया। कभी हिंदू-मुस्लिम एकता के हिमायती रहे सर सैयद अहमद कांग्रेस के प्रबलतम शत्रु बन गए। अंग्रेजों के प्रति निष्ठा व्यक्त करने के लिए उन्होंने 'राजभक्त मुसलमान' पत्रिका का प्रकाशन आरंभ किया तथा बनारस के राजा शिवप्रसाद के सहयोग से 'देशभक्त एसोसिएशन' की स्थापना की। उन्होंने अपने विचारों का प्रचार 'तहजीब-उल-अखलाक' पत्रिका द्वारा किया। 1875 ई. में अलीगढ़ में उन्होंने एक मुस्लिम एंग्लो ओरिएंटल स्कूल की स्थापना की, जहां पाश्चात्य विषय तथा विज्ञान और मुस्लिम धर्मशास्त्र दोनों ही पढ़ाए जाते थे।

**29. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष कभी नहीं चुना जा सका?**

(a) लाला लाजपत राय (b) एनी बेसेंट

(c) मोतीलाल नेहरू (d) बाल गंगाधर तिलक

**U.P. P.C.S. (Mains) 2006**

**U.P. P.C.S. (Spl) (Mains) 2008**

**Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Pre) 2007**

**उत्तर–(d)**

लाला लाजपत राय, जिन्हें लोग प्रायः 'शेरे पंजाब' (पंजाब का सिंह) कहते थे, वर्ष 1920 में कलकत्ता के विशेष अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने, वे अनहैपी इंडिया (Unhappy India) के लेखक थे। श्रीमती एनी बेसेंट आंग्ल-आयरलैंड से थीं, वे वर्ष 1907 से 1933 तक थियोसोफिकल सोसाइटी की प्रधान रहीं, वर्ष 1916 में होमरूल लीग का गठन किया तथा वर्ष 1917 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनीं। मोतीलाल नेहरू वर्ष 1919 और वर्ष 1928 में कांग्रेस के अध्यक्ष रहे तथा जनवरी, 1923 में उन्होंने 'स्वराज पार्टी' का गठन किया। तिलक महाराष्ट्र के चितपावन ब्राह्मण थे, उन्होंने 'केसरी' तथा 'मराठा' का संपादन किया, और 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का प्रसिद्ध नारा दिया, किंतु वे कांग्रेस के अध्यक्ष कभी नहीं रहे।

**30. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थी?**

(a) सरोजिनी नायडू (b) एनी बेसेंट

(c) कस्तूरबा गांधी (d) अरुणा आसफ अली

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th B.P.S.C. (Pre), 2021**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**31. निम्नलिखित में से किसने कभी भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किसी भी अधिवेशन की अध्यक्षता नहीं की?**

(a) लाला लाजपत राय (b) बाल गंगाधर तिलक

(c) गोपाल कृष्ण गोखले (d) सुभाष चंद्र बोस

**U.P.P.C.S. (Pre) 2021**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**32. लाल, बाल और पाल त्रिगुट का कौन व्यक्ति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष हुआ?**

(a) लाला लाजपत राय (b) बाल गंगाधर तिलक

(c) बिपिनचंद्र पाल (d) उनमें से कोई नहीं

**U.P. P.C.S (Pre) 1997**

**उत्तर–(a)**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**33. निम्न में कौन भारतीय कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं?**

(a) सुचेता कृपलानी (b) अरुणा आसफ अली

(c) एनी बेसेंट (d) विजयलक्ष्मी पंडित

**M.P. P.C.S (Pre) 1995**

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 2012**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**34. निम्न में से किस अधिवेशन के लिए कांग्रेस ने पहली बार एक महिला को अध्यक्ष चुना?**

(a) कलकत्ता अधिवेशन, 1917

(b) गया अधिवेशन, 1922

(c) इलाहाबाद अधिवेशन, 1921

(d) लखनऊ अधिवेशन, 1916

**U.P. P.C.S. (Pre) (Re-Exam) 2015**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**35. अखिल भारतीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थीं?**

(a) नलिनी सेन गुप्ता (b) सरोजिनी नायडू

(c) एनी बेसेंट (d) कादंबिनी बोस

**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 2012**

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**36. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थीं?**

(a) श्रीमती सरोजिनी नायडू (b) श्रीमती एनी बेसेंट

(c) श्रीमती एन. सेनगुप्ता (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2014**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**37. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थीं–**

(a) श्रीमती सरोजिनी नायडू (b) सुचेता कृपलानी

(c) राजकुमारी अमृत कौर (d) एनी बेसेंट

(e) इनमें से कोई नहीं

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2015**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**38. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थीं?**

(a) कस्तूरबा गांधी (b) श्रीमती एनी बेसेंट

(c) सरोजिनी नायडू (d) भक्ति लक्ष्मी देसाई

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65th B.P.S.C. (Pre) 2019**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**39. कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष कौन थीं?**

(a) विजयलक्ष्मी पंडित (b) पंडिता रमाबाई

(c) सरोजिनी नायडू (d) राजकुमारी अमृत कौर

**Uttarakhand P.C.S. (Mains) 2002**

**उत्तर–(c)**

सरोजिनी नायडू (1879-1949) प्रख्यात कवयित्री और राष्ट्रवादी नेत्री थीं। वर्ष 1925 में कानपुर में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 40वें वार्षिक अधिवेशन में वह कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष बनीं। यह महात्मा गांधी की विश्वासपात्र और निष्ठावान सहयोगी थीं। स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने पर इन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। वर्ष 1947-49 तक यह उत्तर प्रदेश की राज्यपाल भी रहीं।

**40. इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष कौन थीं?**

(a) श्रीमती एनी बेसेंट (b) सुचेता कृपलानी

(c) सरोजिनी नायडू (d) इंदिरा गांधी

**56th to 59th B.P.S.C. (Pre) 2015**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कलकत्ता में हुआ था।**

**2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दूसरा अधिवेशन दादाभाई नौरोजी की अध्यक्षता में हुआ था।**

**3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग, दोनों ने लखनऊ में 1916 में अधिवेशन किया तथा लखनऊ समझौता संपन्न किया।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 2

(c) 2 और 3 (d) केवल 3

**I.A.S. (Pre) 2004**

**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2011**

**उत्तर–(c)**



Scanned with OKEN Scanner

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कलकत्ता में नहीं बल्कि बंबई में हुआ, जिसमें कुल 72 सदस्यों ने हिस्सा लिया (यद्यपि इसे पुणे में आयोजित होना था, किंतु वहां हैजा फैल जाने के कारण यह बंबई में आयोजित किया गया), अतः कथन 1 असत्य है। दूसरा अधिवेशन 1886 ई. में कलकत्ता में दादाभाई नौरोजी की अध्यक्षता में हुआ था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग दोनों ने वर्ष 1916 में लखनऊ में अधिवेशन किया। तद्नुसार, कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के बीच लखनऊ समझौता हुआ, जो कांग्रेस लीग योजना तथा 'लखनऊ पैक्ट' के नाम से जाना जाता है। इसी अधिवेशन में उग्रपंथियों को जिन्हें पिछले नौ वर्ष से कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था पुनः कांग्रेस में शामिल किया गया। कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन की अध्यक्षता अंबिका चरण मजूमदार ने की थी।

**42. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 27वां अधिवेशन किस स्थान पर हुआ?**

(a) भागलपुर (b) पटना
(c) रांची (d) बांकीपुर

**53rd to 55th B.P.S.C. (Pre) 2011**

**उत्तर—(d)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 27वां अधिवेशन दिसंबर, 1912 में बांकीपुर (बिहार) में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन की अध्यक्षता आर. एन. मुधोलकर ने की। इसी अधिवेशन में ए.ओ. ह्यूम को 'कांग्रेस का पिता' कहा गया।

**43. निम्नलिखित में से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक ने अभिव्यक्त किया था, ''स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, मैं उसे लेकर रहूंगा''?**

(a) बनारस अधिवेशन, 1905
(b) कलकत्ता अधिवेशन, 1906
(c) सूरत अधिवेशन, 1907
(d) लखनऊ अधिवेशन, 1916

**U.P. P.C.S. (Spl) (Mains) 2004**

**उत्तर—(d)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन, 1916 में बाल गंगाधर तिलक ने कहा था, ''स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं उसे लेकर रहूंगा।'' इस अधिवेशन में उग्रवादियों की पुनः कांग्रेस में वापसी हुई तथा तिलक एवं एनी बेसेंट के प्रयासों से कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के बीच समझौता हुआ। यह समझौता 'लखनऊ समझौता' या 'कांग्रेस लीग समझौता' के नाम से भी प्रसिद्ध है।

**44. ''स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर ही रहूंगा।'' किसने कहा था?**

(a) बिपिनचंद्र पाल (b) अरविंद घोष
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) सुभाष चंद्र बोस
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65th B.P.S.C. (Pre) 2019**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**45. ''स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर रहूंगा'' यह वक्तव्य किससे संबंधित है?**

(a) लाला लाजपत राय (b) महात्मा गांधी
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) सुभाष चंद्र बोस

**42nd B.P.S.C. (Pre) 1997**
**46th B.P.S.C. (Pre) 2003**
**U.P P.C.S. (Pre) 2005**
**Uttarakhand P.C.S. (Mains) 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**46. ''स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, मैं इसे पाकर रहूंगा।'' किसने कहा?**

(a) एम.के. गांधी (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) भगत सिंह

**53rd to 55th B.P.S.C. (Pre) 2011**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**47. निम्नलिखित में से किसने कहा था 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है'?**

(a) एम.के. गांधी (b) जी.के. गोखले
(c) बी.जी. तिलक (d) दादाभाई नौरोजी

**U.P.P.C.S. (Mains) 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**48. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**

**1. सरोजिनी नायडू कांग्रेस की अध्यक्ष होने वाली प्रथम महिला थीं।**
**2. सी.आर. दास ने जब कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, वे जेल में थे।**
**3. एलन आक्टेवियन ह्यूम (Alan Octavian Hume) प्रथम ब्रिटिश नागरिक थे, जो कांग्रेस अध्यक्ष बने।**
**4. अल्फ्रेड वेब (Alfred Webb) 1894 में कांग्रेस के अध्यक्ष थे।**

**इनमें से कौन-कौन से कथन सही हैं?**



Scanned with OKEN Scanner

(a) 1 और 3 (b) 2 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**I.A.S. (Pre) 2000**

**उत्तर–(b)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष होने का गौरव एनी बेसेंट को प्राप्त है, जिन्होंने वर्ष 1917 में कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता की। ए.ओ. ह्यूम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक थे, ये इसके अध्यक्ष कभी नहीं रहे, केवल महासचिव बने। सी.आर. दास ने वर्ष 1922 में गया अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। जबकि वर्ष 1921 के अहमदाबाद अधिवेशन में भी सी.आर. दास को अध्यक्ष नामित किया गया था, परंतु इस दौरान उनके जेल में होने के कारण इस अधिवेशन की अध्यक्षता हकीम अजमल खां ने की थी और दास ने जेल से कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कार्य किया! अल्फ्रेड वेब मद्रास अधिवेशन (1894) में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

**49. किसने कहा था "कांग्रेस आंदोलन न तो लोगों द्वारा प्रेरित था, न ही यह उनके द्वारा सोचा या योजनाबद्ध किया गया था"?**

(a) लॉर्ड डफरिन (b) सर सैयद अहमद
(c) लॉर्ड कर्जन (d) लाला लाजपत राय

**47th B.P.S.C. (Pre) 2005**

**उत्तर–(d)**

लाला लाजपत राय ने अपने एक लेख में लिखा है कि–"कांग्रेस आंदोलन न तो लोगों द्वारा प्रेरित था, न ही यह उनके द्वारा सोचा या योजनाबद्ध किया गया था।"

**50. किसने कहा था, "कांग्रेस पतन के लिए लड़खड़ा रही है, मेरी सबसे बड़ी अभिलाषा, जब तक मैं भारत में हूं, कांग्रेस की शांतिपूर्ण समाप्ति में सहयोग करना है"?**

(a) जॉर्ज हैमिल्टन (b) लॉर्ड कर्जन
(c) लॉर्ड डफरिन (d) लॉर्ड मिंटो

**U.P P.C.S (Pre) 2002**
**U.P.P.C.S. (Mains) 2002**

**उत्तर–(b)**

अंग्रेज शासक समझते थे कि नरमपंथियों के नेतृत्व में कांग्रेस काफी कमजोर है, जनता में इसकी पैठ नहीं है, अतः इसे खत्म किया जा सकता है। इस नीति के सबसे बड़े प्रवक्ता थे लॉर्ड कर्जन। वर्ष 1900 में कर्जन ने कहा था– "कांग्रेस अब लड़खड़ा रही है और जल्द ही गिरने वाली है। मेरा सबसे बड़ा मकसद भी यही है कि मेरे भारत प्रवास के दौरान ही इस पार्टी का अंत हो जाए।" वर्ष 1903 में उन्होंने मद्रास गवर्नर को लिखा–"जब से मैं भारत आया हूं, मेरी नीति यही रही है कि किसी भी तरह कांग्रेस को नपुंसक बना दूं।" वर्ष 1904 में कर्जन ने कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में एक कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इनकार कर दिया था।

**51. अध्यक्षीय संबोधन के समय, जिस कांग्रेस अध्यक्ष ने हिंदी भाषा के लिए रोमन लिपि लागू करने की वकालत की, वे थे–**

(a) महात्मा गांधी (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) अबुल कलाम आजाद (d) सुभाष चंद्र बोस

**I.A.S. (Pre) 2000**

**उत्तर–(d)**

अपने अध्यक्षीय संबोधन के समय सुभाष चंद्र बोस ने हिंदी भाषा के लिए रोमन लिपि लागू करने की वकालत की थी। सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन (1938) की अध्यक्षता की थी।

**52. भारत के स्वातंत्र्य-प्राप्ति के बाद निम्नलिखित में से किसने सुझाव दिया था कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को समाप्त कर दिया जाए?**

(a) सी. राजगोपालाचारी (b) आचार्य कृपलानी
(c) महात्मा गांधी (d) जयप्रकाश नारायण

**I.A.S. (Pre) 1996**
**U.P. Lower Sub. (Spl) (Pre) 2004**
**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2005**

**उत्तर–(c)**

भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महात्मा गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को समाप्त करने का सुझाव दिया था।

**53. अमृतसर के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन, 1919 के प्रस्ताव के अनुसार महात्मा गांधी द्वारा कांग्रेस का नया संविधान लिखने हेतु निम्नलिखित में से किन्हें उनके सहयोग हेतु चुना गया?**

**1. बी.जी. तिलक 2. एन.सी. केलकर**
**3. सी.आर. दास 4. आई.बी. सेन**

**नीचे दिए हुए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**कूट :**

(a) 2 एवं 4 (b) 1 एवं 2
(c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 3

**U.P.P.C.S. (Mains) 2014**

**उत्तर–(a)**

कांग्रेस के संविधान लिखने हेतु महात्मा गांधी, बी.जी. तिलक एवं सी. आर. दास का सहयोग चाहते थे, किंतु कार्याधिक्य के कारण इस हेतु नेताद्वय उपलब्ध नहीं हो सके। इन शीर्ष नेताओं के स्थानापन्न के रूप में इन्हीं नेताओं के कनिष्ठ सहयोगी एन.सी. केलकर एवं आई.बी. सेन को कांग्रेस संविधान के लेखन में महात्मा गांधी के सहयोग हेतु चुना गया।

**54. कांग्रेस के एक अधिवेशन में एक गवर्नर जनरल ने भाग लिया था। उक्त गवर्नर जनरल तथा अधिवेशन स्थल निम्न में से कौन-सा था?**

(a) लॉर्ड इर्विन - कराची - 1931
(b) लॉर्ड विलिंगटन - बंबई - 1915



Scanned with OKEN Scanner

(c) लॉर्ड डफरिन - बंबई - 1885

(d) लॉर्ड हार्डिंग - लखनऊ - 1916

U.P. Lower Sub. (Spl) (Pre) 2008

उत्तर–(b)

लॉर्ड विलिंगटन ने कांग्रेस के बंबई अधिवेशन में भाग लिया था। इस दौरान वह बंबई का गवर्नर था। यह अधिवेशन बंबई में वर्ष 1915 में आयोजित किया गया। ध्यातव्य है कि तब विलिंगटन गवर्नर जनरल नहीं था। भारत के गवर्नर जनरल एवं वायसराय के रूप में उसका कार्यकाल वर्ष 1931-36 था।

**55. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निम्नलिखित अधिवेशनों में से किसकी अध्यक्षता सी. विजय राघव चेरियार ने की थी?**

(a) लखनऊ अधिवेशन (1916) (b) नागपुर अधिवेशन (1920)

(c) गया अधिवेशन (1922) (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

U.P.P.C.S (Mains) 2016

उत्तर–(b)

सी.विजय राघव चेरियार ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन (1920) की अध्यक्षता की थी। लखनऊ अधिवेशन (1916) की अध्यक्षता अंबिका चरण मजूमदार ने की थी, जबकि गया अधिवेशन (1922) की अध्यक्षता चितरंजन दास ने की थी। नागपुर अधिवेशन (1920) में ही सदस्यता शुल्क 4 आना किया गया ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति भी कांग्रेस से जुड़ सकें।

**56. निम्नलिखित में से किस अधिवेशन में कांग्रेस ने पहली बार भारतीय रियासतों के प्रति अपनी नीति घोषित की थी?**

(a) नागपुर अधिवेशन में

(b) गया अधिवेशन में

(c) कलकत्ता अधिवेशन में

(d) लखनऊ अधिवेशन में

U.P. P.C.S. (Pre) 2015

उत्तर–(a)

वर्ष 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने नागपुर अधिवेशन में रियासतों के प्रति अपनी नीति की घोषणा करते हुए उनके शासकों से यह मांग की कि प्रजा को पूर्ण उत्तरदायी सरकार दी जाए।

**57. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?**

**(A) कांग्रेस के नागपुर सत्र (1920) के पश्चात् प्रांतीय कांग्रेस समितियों का गठन भाषायी आधार पर किया गया था।**

**(B) वर्ष 1948 में कांग्रेस ने भाषायी आधार पर प्रांतों के गठन की मांग को अस्वीकार कर दिया।**

निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर चुनिए -

(a) केवल (A) (b) केवल (B)

(c) न तो (A) न ही (B) (d) (A) और (B) दोनों

R.A.S./R.T.S. (Pre) 2018

उत्तर–(d)

वर्ष 1920 के कांग्रेस के नागपुर सत्र में भाषायी आधार पर प्रांतीय कांग्रेस समितियों के गठन को मंजूरी प्रदान की गई थी। लेकिन स्वतंत्रता के उपरांत वर्ष 1948 में भाषा के आधार पर प्रांतों के पुनर्गठन की मांग कांग्रेस ने ठुकरा दी थी।

**58. 1922 में गया के इंडियन नेशनल कांग्रेस के अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?**

(a) चितरंजन दास (b) एस.एन. बनर्जी

(c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (d) हकीम अजमल खान

56th to 59th B.P.S.C. (Pre) 2015

उत्तर–(a)

वर्ष 1922 में जेल से छूटने के बाद चितरंजन दास को गया में कांग्रेस सम्मेलन का निर्वाचित अध्यक्ष घोषित किया गया। असहयोग आंदोलन की समाप्ति के बाद, देशबंधु ने सभा प्रवेश कार्यक्रम के जरिए, जैसे-सभाओं के भीतर से असहयोग, भारतीय राजनीति को नया आयाम देने का प्रयास किया। परंतु सी. राजगोपालाचारी, वल्लभभाई पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, एन.जी.रंगा, आयंगर आदि नेताओं ने परिषद में प्रवेश करने की नीति का विरोध किया। इस अधिवेशन में काउंसिल में प्रवेश न लेने का प्रस्ताव पारित हुआ, फलस्वरूप चितरंजन दास ने त्याग-पत्र दे दिया। इसके उपरांत उन्होंने कांग्रेस के भीतर से स्वराज पार्टी की स्थापना की।

**59. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1922 में आयोजित गया अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?**

(a) चितरंजन दास (b) हकीम अजमल खां

(c) महात्मा गांधी (d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

67th B.P.S.C. (Pre), 2021

उत्तर–(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**60. निम्नलिखित में से किसने अखिल भारतीय हरिजन सेवक संघ की 1932 में स्थापना की?**

(a) बी.जी. गोखले (b) एम.के. गांधी

(c) बी.आर. अम्बेडकर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

U.P. P.C.S. (Mains) 2017

उत्तर–(b)



Scanned with OKEN Scanner

अखिल भारतीय हरिजन सेवक संघ की स्थापना वर्ष 1932 में एम. के. गांधी ने की थी।

**61. नीचे उन व्यक्तियों की सूची दी गई है, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष हुए। तिथ्यानुसार उन्हें क्रमबद्ध कीजिए। नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए—**

1. महात्मा गांधी
2. जवाहरलाल नेहरू
3. वल्लभभाई पटेल
4. श्रीमती सरोजिनी नायडू

कूट :

(a) 1, 2, 3 तथा 4 (b) 1, 3, 4 तथा 2

(c) 1, 4, 2 तथा 3 (d) 4, 3, 1 तथा 2

**U.P. P.C.S. (Mains) 2002**

**U.P. P.C.S. (Mains) 2004**

**उत्तर—(c)**

प्रश्नगत कांग्रेस अध्यक्षों का अध्यक्षता वर्ष निम्न है— महात्मा गांधी ने केवल एक बार वर्ष 1924 के बेलगांव अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। सरोजिनी नायडू वर्ष 1925 में कानपुर में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 40वें वार्षिक अधिवेशन में कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष बनीं। जवाहरलाल नेहरू ने वर्ष 1929 में लाहौर; अप्रैल, 1936 में लखनऊ तथा दिसंबर, 1936 में फैजपुर अधिवेशन की अध्यक्षता की, जबकि पटेल ने वर्ष 1931 के कराची अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

**62. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1924 के अधिवेशन में महात्मा गांधी द्वारा मात्र एक बार अध्यक्षता की गई। यह अधिवेशन कहां हुआ था?**

(a) गया (b) अमृतसर

(c) बेलगांव (d) कानपुर

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 2010**

**U.P.P.C.S. (Pre) 2011**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**63. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एक मात्र अधिवेशन जिसकी अध्यक्षता महात्मा गांधी ने की थी :**

(a) इलाहाबाद अधिवेशन - 1921

(b) गया अधिवेशन - 1922

(c) बेलगांव अधिवेशन - 1924

(d) कराची अधिवेशन - 1930

**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**64. महात्मा गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन की अध्यक्षता की?**

(a) 1922 (b) 1924

(c) 1928 (d) 1930

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63rd B.P.S.C. (Pre) 2017**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**65. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—**

| सूची-I (अध्यक्ष) | सूची-II (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सभाओं के स्थान) |
|---|---|
| (A) अबुल कलाम आजाद | 1. अमृतसर, 1919 |
| (B) सरोजिनी नायडू | 2. बंबई, 1934 |
| (C) मोतीलाल नेहरू | 3. कानपुर,1925 |
| (D) डॉ. राजेंद्र प्रसाद | 4. रामगढ़, 1940 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2014**

**उत्तर—(d)**

सूची-I और सूची-II का सही सुमेलन है—

| सूची-I (अध्यक्ष) | सूची-II (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सभाओं के स्थान) |
|---|---|
| मोतीलाल नेहरू | अमृतसर, 1919 |
| सरोजिनी नायडू | कानपुर, 1925 |
| डॉ. राजेंद्र प्रसाद | बंबई, 1934 |
| अबुल कलाम आजाद | रामगढ़, 1940 |

**66. उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन के संदर्भ में, सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I (स्थान) | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|
| A. मेरठ | 1. 1916 |
| B. कानपुर | 2. 1905 |
| C. लखनऊ | 3. 1946 |
| D. बनारस | 4. 1925 |



Scanned with OKEN Scanner

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**U.P.R.O./A.R.O. (Pre) 2021**

**उत्तर–(c)**

सही सुमेलित हैं-

| **(अधिवेशन)** | **(वर्ष)** |
|---|---|
| मेरठ अधिवेशन | 1946 |
| कानपुर अधिवेशन | 1925 |
| लखनऊ अधिवेशन | 1916 |
| बनारस अधिवेशन | 1905 |

**67. निम्नलिखित में से किस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू ने समाजवाद को भारत की समस्याओं को हल करने की कुंजी बताया?**

(a) लाहौर (b) लखनऊ

(c) इलाहाबाद (d) रामगढ़

**U.P.P.C.S. (Mains) 2015**

**उत्तर–(b)**

वर्ष 1936 के कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू ने समाजवाद को भारत की समस्याओं को हल करने की कुंजी बताया। उन्होंने कहा था मैं समाजवाद के अलावा ऐसा कोई दूसरा रास्ता नहीं देखता जो भारत के लोगों को गरीबी, बेकारी और गुलामी से मुक्ति दिला सके।

**68. वर्ष 1938 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन की अध्यक्षता की थी–**

(a) अबुल कलाम आजाद (b) जे.बी. कृपलानी

(c) राजेंद्र प्रसाद (d) सुभाष चंद्र बोस

**U.P. P.C.S. (Spl) (Mains) 2008**

**उत्तर–(d)**

कांग्रेस का इक्यावनवां अधिवेशन 19-21 फरवरी, 1938 के दौरान गुजरात के हरिपुरा में संपन्न हुआ था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता सुभाष चंद्र बोस ने की थी। इस अधिवेशन में राष्ट्रीय नियोजन समिति का गठन किया गया तथा पं. जवाहरलाल नेहरू को इसका अध्यक्ष बनाया गया। राजेंद्र प्रसाद को वर्ष 1934 में कांग्रेस अध्यक्ष चुना गया था। आगे चलकर वर्ष 1940-1946 तक अबुल कलाम आजाद कांग्रेस अध्यक्ष रहे, जबकि जे.बी. कृपलानी को वर्ष 1946 में मेरठ कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था।

**69. वर्ष 1938 के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष किसे चुना गया था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) सुभाष चंद्र बोस

(c) अबुल कलाम आजाद (d) वल्लभभाई पटेल

**M.P.P.C.S. (Pre) 2014**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**70. इनमें से कौन सबसे कम आयु में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनने वाला व्यक्ति था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू

(b) अबुल कलाम आजाद

(c) आनंद मोहन बोस

(d) भूपेंद्र नाथ बोस

**M.P. P.C.S. (Pre) 2017**

**उत्तर–(b)**

मौलाना अबुल कलाम आजाद (1888-1958 ई.) वर्ष 1923 में दिल्ली में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विशेष सत्र में अध्यक्ष बनाए गए। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष पद धारण करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे। अबुल कलाम आजाद वर्ष 1940-46 तक लगातार छः वर्षों तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। आजादी के पूर्व यह सबसे लंबा कार्यकाल था। जवाहरलाल नेहरू (1889-1964 ई.) ने वर्ष 1929 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। आनंद मोहन बोस (1847-1906 ई.) ने 1898 ई. में कांग्रेस के मद्रास अधिवेशन की, जबकि भूपेंद्र नाथ बोस (1859-1924 ई.) ने वर्ष 1914 में कांग्रेस के मद्रास अधिवेशन की अध्यक्षता की।

**71. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| **सूची-I (कांग्रेस अध्यक्ष)** | **सूची-II (अधिवेशन स्थान)** |
|---|---|
| **A. डॉ. एम. ए. अंसारी** | **1. हरिपुरा** |
| **B. पुरुषोत्तम दास टंडन** | **2. कानपुर** |
| **C. सरोजिनी नायडू** | **3. मद्रास** |
| **D. सुभाष चंद्र बोस** | **4. नासिक** |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**U.P.P.C.S. (Pre) 2012**

**उत्तर–(c)**



Scanned with OKEN Scanner

हरिपुरा कांग्रेस अधिवेशन (1938) की अध्यक्षता सुभाष चंद्र बोस ने, नासिक अधिवेशन (1950) की अध्यक्षता पुरुषोत्तम दास टंडन ने, मद्रास अधिवेशन (1927) की अध्यक्षता डॉ. एम.ए. अंसारी ने एवं कानपुर अधिवेशन (1925) की अध्यक्षता सरोजिनी नायडू ने की थी।

**72. निम्नलिखित में से कौन लगातार छः वर्ष तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) अबुल कलाम आजाद

(c) जी.के. गोखले (d) दादाभाई नौरोजी

**U.P.P.C.S (Mains) 2016**

**उत्तर–(b)**

अबुल कलाम आजाद वर्ष 1940-46 तक लगातार छः वर्षों तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। आजादी के पूर्व यह सबसे लंबा कार्यकाल था। आजादी के बाद लंबे कार्यकाल वाले अध्यक्ष इस प्रकार थे- (1) इंदिरा गांधी - वर्ष 1978-84, (2) राजीव गांधी- वर्ष 1985-91 तथा (3) सोनिया गांधी - वर्ष 1998 - 2017 तक (सबसे लंबा कार्यकाल) तथा वर्ष 2019 से वर्तमान तक।

**73. जब भारत स्वतंत्र हुआ उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष कौन थे?**

(a) महात्मा गांधी (b) जवाहरलाल नेहरू

(c) जे.बी. कृपलानी (d) सरदार पटेल

**Uttarakhand P.C.S. (Mains) 2006**

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(c)**

जब भारत स्वतंत्र हुआ उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष जे.बी. कृपलानी थे। उन्हें कांग्रेस के चौवनवें अधिवेशन (नवंबर, 1946; मेरठ) का अध्यक्ष चुना गया था तथा वे आजादी के समय भी अध्यक्ष रहे। कांग्रेस के पचपनवें अधिवेशन (दिसंबर, 1948; जयपुर) की अध्यक्षता डॉ. पट्टाभि सीतारमैया ने की थी। महात्मा गांधी ने बेलगांव (1924), जवाहरलाल नेहरू ने लाहौर, लखनऊ एवं फैजपुर (क्रमशः दिसंबर, 1929; अप्रैल, 1936 एवं दिसंबर, 1936) तथा सरदार पटेल ने कराची (मार्च, 1931) अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

**74. भारत के विभाजन के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष कौन था?**

(a) जे.बी. कृपलानी

(b) जवाहरलाल नेहरू

(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(d) सी. राजगोपालाचारी

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65th B.P.S.C. (Pre) 2019**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**75. 'जन-गण-मन' पहली बार किस अवसर पर गाया गया था?**

(a) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन - 1896

(b) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन - 1905

(c) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन - 1911

(d) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन - 1919

**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर–(c)**

रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा मूल रूप से बांग्ला में रचित और संगीतबद्ध 'जन-गण-मन' के हिंदी संस्करण को संविधान सभा ने भारत के राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी, 1950 को अपनाया था। यह सर्वप्रथम दिसंबर, 1911 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था।

**76. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अंतिम अधिवेशन जिसमें बाल गंगाधर तिलक ने भाग लिया, था–**

(a) कलकत्ता अधिवेशन, 1906

(b) सूरत अधिवेशन, 1907

(c) कलकत्ता अधिवेशन, 1917

(d) अमृतसर अधिवेशन, 1919

**U.P.P.C.S. (Pre) 2014**

**उत्तर–(d)**

बाल गंगाधर तिलक ने अंतिम रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अमृतसर अधिवेशन, 1919 में भाग लिया था। इन्होंने मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों के तहत होने वाले विधायिका के चुनाव के बहिष्कार करने की महात्मा गांधी की नीति का विरोध किया था। तिलक ने 'उत्तरदायी सहयोग' (Responsive Co-operation) की नीति को अपनाने की सलाह दी थी। 1अगस्त, 1920 को तिलक का देहांत हो गया था।

# कांग्रेस में गरम दल और नरम दल

## नोट्स

*भारत में राष्ट्रीय आंदोलन की दिशा को महात्मा गांधी के पदार्पण के पूर्व इटली-अबीसीनिया युद्ध (जिसमें इटली की औपनिवेशिक शक्ति पराजित हुई), 1899-1901 ई. के दौरान चीन में साम्राज्यवादियों के विरुद्ध चलाए गए बॉक्सर आंदोलन तथा रूस पर जापान की विजय, इन सबने प्रभावित किया, किंतु इनमें वर्ष **1905 में जापान की रूस पर विजय** का सर्वाधिक प्रभाव पड़ा। * जापान ने वर्ष **1905** में जारशाही रूस को हराकर स्वयं को सैनिक दृष्टि से एक शक्तिशाली यूरोपीय देश से श्रेष्ठ सिद्ध कर दिया था। * इससे इस मिथ्या भ्रम का निवारण हो गया कि गोरी जाति के लोग अजेय हैं। *कांग्रेस के नरम दल के नेताओं की आंदोलन की प्रमुख पद्धति **राजवांमबध्य आंदोलन** (Constitutional



Scanned with OKEN Scanner